राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–277/2023

राज्यपाल ने एम्स, पटना के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लिया

पटना, 19 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), पटना के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उपाधि प्राप्त करनेवाले छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज की सेवा करें।

उन्होंने कहा कि एम्स एक प्रतिष्ठित संस्थान है और इसकी अपनी विरासत और परम्पराएँ हैं। यहाँ के विद्यार्थियों की अपनी विशेषताएँ होती हैं। राज्यपाल ने डिग्री प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों से कहा कि उनके आचरण एवं सेवा भाव से इस संस्थान की विशिष्टता परिलक्षित होनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं होता है। डिग्री प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को निरंतर नये विषयों को सीखते हुए देश एवं समाज हित में उनका उपयोग करना चाहिए। उन्होंने उपाधि एवं मेडल प्राप्त करनेवाले छात्र–छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को माननीय राष्ट्रपति के अतिरिक्त मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ० भारती प्रवीण पवार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, बिहार के मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण, एम्स, पटना के अध्यक्ष प्रो० (डॉ०) सुब्रत सिन्हा, कार्यकारी निदेशक प्रो० (डॉ०) जी०के० पाल व चिकित्सकगण, छात्र–छात्राएँ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....